# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 06.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

1. भारत में स्वच्छ भारत मिशन से वर्ष 2011 से 2020 के बीच प्रतिवर्ष 60 से 70 हजार शिशुओं की जान बचायी गयी, अंतरराष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका नेचर ने दी जानकारी।
2. राज्यपाल संतोष गंगवार और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने रांची में सेना की तीन दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारंभ, सेना के शौर्य और पराक्रम की दिखी झलक।
3. एडजुडिकेटिंग ऑथरिटी ने राज्य के पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव और विधायक अंबा प्रसाद समेत 15 परिजनों के बैंक खातों को फ्रीज करने का दिया आदेश।
4. उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान युवाओं की मौत पर भाजपा ने सरकार को फिर घेरा, झामुमो ने भाजपा पर तथ्यहीन राजनीति करने का लगाया आरोप।
5. झारखंड पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर, मौसम विभाग ने अगले तीन दिन राज्य के पश्चिमी क्षेत्रों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत देश में वर्ष 2011 से 2020 के दौरान प्रतिवर्ष लगभग 60 हजार से 70 हजार बच्चों को अकाल मृत्यु से बचाया जा सका है। प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय विज्ञान पत्रिका नेचर में यह जानकारी दी गई है।

******************

भारतीय सेना के पूर्वी कमान की ओर से राजधानी रांची के मोराबादी मैदान में पहली बार सशक्त सेना– समृद्ध भारत प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी का आज राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने उदघाटन किया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्वी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी समेत सेना के कई वरीय अधिकारी मौजूद थे। समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने राष्ट्र के प्रति निस्वार्थ सेवा और समर्पण के लिए सैन्य बलों की प्रशंसा की।

इस मौके पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बन रहा है। उन्होंने कहा कि सशक्त सेना– समृद्धि भारत प्रदर्शनी युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक जागृत करेगा।

******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि स्वंय सहायता समूहों के गठन से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव आया है। खूंटी जिले में कटहल प्रोसेसिंग यूनिट में कार्यरत सखी मंडल की महिलाओं से संवाद करते हुए श्री गंगवार ने कहा कि महिलाओं का स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना विकास का वाहक है। इस दौरान उन्होंने सखी मंडल की महिलाओं के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया।

******************

दिल्ली स्थित एडजुडिकेटिंग ऑथरिटी ने राज्य के पूर्व मंत्री योगेन्द्र साव के पारिवारिक सदस्यों के नगद जमा वाले 15 खातों को फ्रीज रखने का आदेश दिया है। इनमें उनकी पुत्री और बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद का खाता भी शामिल है। इन खातों में कुल 12 करोड़ 24 लाख रूपये जमा हैं। ईडी द्वारा दायर ओरिजनल एप्लिकेशन पर सभी पक्षों को सुनने के बाद अथॉरिटी ने यह आदेश दिया है। इडी ने अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के ठिकानों पर छापेमारी के दौरान जब्त दस्तावेज, बैंक खातों सहित अन्य सामग्रियों को अपने पास रखने के लिए एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी में आवेदन दिया था।

******************

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी उत्पाद सिपाही भर्ती के दौरान युवाओं की मौत पर फिर राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी कमी छिपाने के लिए सरकार मौत का ठीकरा कोरोना टीका पर फोड़ रही है। श्री बाउरी ने कहा कि कोरोना के टीके ने करोड़ों लोगों को नया जीवनदान दिया है।

******************

इधर, झामुमो के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने दोहराया है कि युवाओं की मौत कोरोना टीके के प्रभाव के कारण हुई है। रांची में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं की मौत पर भाजपा तथ्यहीन राजनीति कर रही है।

*******************

गिरिडीह में कई वर्षों से बंद ओपनकास्ट कोलियरी के खुलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। गौरतलब है कि जिस भूमि पर सीसीएल द्वारा कोयले का खनन किया जा रहा था, उस पर वन विभाग ने मालिकाना हक जता दिया था। इसके बाद इस कोलियरी को बंद करना पड़ा था। राज्य सभा सांसद सरफराज अहमद ने बताया कि जांच में यह बात प्रमाणित हो गयी है कि भूमि वन विभाग की नहीं है। इसके साथ ही जिला प्रशासन की ओर से इसे पुनः खोलने की पहल शुरु कर दी गयी है। जिले के उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने कहा कोलियरी के पुनः चालू होने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय वेक्टर जनित कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया एवं फाइलेरिया रोगों से बचाव को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

*******************

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इसे लेकर विभाग द्वारा येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में निम्न दवाब से बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर राज्य में देखने को मिलेगा। इस दौरान पलामू, गढ़वा और चतरा समेत पूरा दक्षिणी–पश्चिमी भाग के प्रभावित रहने की संभावना है।

************